**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## J.C. Bose University to host 30th International Conference on Science and Technology towards Sustainability in 2024


Nidhi Priya
info@impressivetimes.com




**FARIDABAD:** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has announced to host 30th International Conference of International Academy of Physical Sciences (CONIAPS XXX), on Recent Advances in Science and Technology towards Sustainability (RASTS-2024) from February 28 to 29, 2024. The official poster unveiling ceremony for the conference was graced by the presence of Prof. Sushil Kumar Tomar, the Vice-Chancellor of J.C. Bose University, and Dr. Sanjeev Kumar Varshney, Head of the International Scientific Cooperation, Department of Science and Technology, Government of India, who jointly unveiled the conference poster. Accompanying them were members of the organizing team, including Prof. Sandeep Grover, Dean, Institutions, Conference Conveners Prof. Maneesha Garg, Director (R&D), Prof. Neetu Gupta, Dean, Sciences and Life Sciences, Prof. Atul Mishra, Chairperson, Department of Computer Engineering, Prof. Sonia Bansal, Chairperson, Department of Physics, Prof. Anuradha Sharma and Dr. Ravi Kumar, DST PURSE Coordinator and several others. The University has invited abstracts in the proper format from interdisciplinary backgrounds, including Physics, Chemistry, Mathematics, and Computer Engineering, for oral and poster presentations during the conference. The deadline for abstract submissions is December 15, 2023. The Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar said that hosting of 30th International Conference of the International Academy of Physical Sciences underscores the University's commitment to promoting scientific research and innovation. With a focus on sustainability, this conference will play a pivotal role in advancing the understanding of critical global challenges. He invited researchers, scholars, and experts from diverse fields to participate in the Conference. He said that the detailed information about the conference, abstract submission guidelines, and registration details are available on the official conference website: www.jcboseust.ac.in/rasts.

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# AMAR UJALA



## दुर्गा पूजा पर महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लेडीज क्लब 'दुर्गा शक्ति' की ओर से नवरात्रि और दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने पारंपरिक और रंगीन परिधानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेडीज क्लब की संरक्षक एवं कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी सदस्यों को भागीदारी और योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। स्टाफ क्लब की संरक्षक जयमाला तोमर ने बताया कि सांस्कृतिक समारोहों के दौरान छात्राओं ने डांडिया प्रस्तुत की। इस मौके पर डॉ. रश्मी पोपली, डॉ. प्रीति सेठी, डॉ. तरूणा नरूला और डॉ. ज्योति मोर आदि मौजूद रहीं। संवाद

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

## HADOTI ADHIKAR

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

**सतत विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर होगा सम्मेलन**



**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 18 अक्टूबर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सतत विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति विषय पर होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28 व 29 फरवरी, 2024 को किया जायेगा।

सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग के प्रमुख डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आयोजन टीम के सदस्यों में प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (इंस्टीट्यूशंस), सम्मेलन संयोजक प्रो. मनीषा गर्ग, निदेशक (आरएंडडी), प्रो. नीतू गुप्ता, डीन, विज्ञान एवं जीव विज्ञान, प्रो. अतुल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, प्रो. सोनिया बंसल, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, प्रो. अनुराधा शर्मा और डॉ. रवि कुमार, डीएसटी पर्स समन्वयक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय ने सम्मेलन के दौरान संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों से मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और कंप्यूटर इंजीनियरिंग सहित अंत:विषयों के शोध पत्र आमंत्रित किया है। सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए शोध पत्र का सार भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सतत विकास पर ध्यान देने के साथ, यह सम्मेलन महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों की समझ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# HINDUSTAN



फरीदाबाद के जेसी बोस विश्वविद्यालय में बुधवार को नवरात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डांडिया खेलती लेडीज क्लब की सदस्य। • हिन्दुस्तान

## डांडिया नृत्य में महिलाओं ने हिस्सा लिया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लेडीज क्लब 'दुर्गा शक्ति' द्वारा विश्वविद्यालय की महिला सदस्यों के लिए नवरात्रि और दुर्गा पूजा समारोह के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दुर्गा पूजा और डांडिया नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा। लेडीज क्लब की संरक्षक एवं कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी सदस्यों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं।

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## विज्ञान व प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर 2024 में सम्मेलन



अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर एवं अन्य।

फरीदाबाद, 18 अक्तूबर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सतत विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति विषय पर होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28 व 29 फरवरी, 2024 को किया जाएगा।

सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग के प्रमुख डॉ. संजीव कुमार वाष्णेय की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आयोजन टीम के सदस्यों में प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (इंस्टीट्यूशंस), सम्मेलन संयोजक प्रो. मनीषा गर्ग, निदेशक (आरएंड डी), प्रो. नीतू गुप्ता, डीन, विज्ञान एवं जीव विज्ञान, प्रो. अतुल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, प्रो. सोनिया बंसल, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, प्रो. अनुराधा शर्मा और डॉ. रवि कुमार, डीएसटी पर्स समन्वयक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय ने सम्मेलन के दौरान संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों से मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और कंप्यूटर इंजीनियरिंग सहित अंत:विषयों के शोध पत्र आमंत्रित किया है। सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए शोध पत्र का सार भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**जे.सी. बोस विवि अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के सम्मेलन की मेजबानी करेगा**

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विवि में नवरात्रि पर रंगारंग कार्यक्रम

फरीदाबाद, 18 अक्तूबर (पूजा) : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लेडीज क्लब दुर्गा शक्ति की ओर से विश्वविद्यालय की महिला सदस्यों के लिए नवरात्रि और दुर्गा पूजा समारोह के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में दुर्गा पूजा और डांडिया नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। महिला सदस्यों ने पारंपरिक और रंगीन परिधानों में कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा डांडिया नृत्य में भाग लिया। लेडीज क्लब की संरक्षक एवं कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी सदस्यों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई दीं। उन्होंने सदस्यों को लेडीज क्लब की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सभी सदस्यों की भागीदारी और योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।



*नवरात्रि के उपलक्ष में दुर्गा पूजा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए विश्वविद्यालय लेडीज क्लब के सदस्य।*

स्टाफ क्लब की संरक्षक जयमाला तोमर ने विश्वविद्यालय में एकता और विविधता की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए लेडीज क्लब के प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय में डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सामाजिक ताने-बाने को समृद्ध बनाने में सांस्कृतिक समारोहों के महत्व पर बल दिया।

कार्यक्रम में डॉ. रश्मी पोपली, डॉ. प्रीति सेठी, डॉ. तरूणा नरूला और डॉ. ज्योति मोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन



फरीदाबाद, 17 अक्तूबर (रेपको न्यूज)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न बी.वॉक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नये छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर एवं अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ और विभिन्न शैक्षणिक विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे है वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं। प्रतिष्ठित आईटी कंपनी आईबीएम के मानव संसाधन विभाग में अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने साझा किया कि कंपनियां अक्सर उन उम्मीदवारों को पसंद करती हैं जिनके पास अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण कार्यों करने का अनुभव रहा है।

श्री राज नेहरू ने छात्रों को नवीनतम उभरती प्रौद्योगिकियों और बाजार के रुझानों के अनुरूप कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित किया। डिजिटल युग की मौजूद संभावनाओं में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में अवसरों के लिए तैयार रहने की सलाह दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने नये छात्रों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के करियर तथा चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने से के साथ-साथ वे अच्छे नागरिक बने तथा राष्ट्र-निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और नवाचार का उपयोग समाज की भलाई में निहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत विकास तब महत्वपूर्ण होता है जब उसका लाभ समाज को होता है। समग्र विकास के महत्व पर भी बल देते हुए प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा सक्रिय जीवनशैली के लिए कम से कम एक खेल गतिविधि में शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह ने एलुमनाई एसोसिएशन की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1985 में एसोसिएशन हुई थी और इस समय एसोसिएशन में 10 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन न केवल विश्वविद्यालय के छात्रों को सहयोग प्रदान कर रही है बल्कि एक वैश्विक नेटवर्क भी बनाए हुए है, जो अपने सदस्य छात्रों को व्यावसायिक और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करता है। श्री सुखदेव सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की सहायता के लिए एसोसिएशन की प्रतिबद्धता व्यक्त की और उन्हें एसोसिएशन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उद्घाटन सत्र के अंत में कम्युनिटी कालेज के वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# HINDUSTAN

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 28-29 फरवरी को

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अगले वर्ष 28 और 29 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी की मेजबानी करेगा। विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति विषय पर होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन होगा। सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए शोध पत्र का सार भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तय की गई है। विस्तृत जानकारी www.jcboseust.ac.in/rasts पर उपलब्ध हैं।

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

## HADOTI ADHIKAR

# नवरात्रि और दुर्गा पूजा पर रंगारंग कार्यक्रम

फरीदाबाद, 18 अक्टूबर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के लेडीज क्लब 'दुर्गा शक्ति' द्वारा विश्वविद्यालय की महिला सदस्यों के लिए नवरात्रि और दुर्गा पूजा समारोह के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दुर्गा पूजा और डांडिया नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान महिला सदस्यों ने पारंपरिक और रंगीन परिधानों में कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा डांडिया नृत्य में भाग लिया। लेडीज क्लब की संरक्षक एवं कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी सदस्यों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

## AMAR UJALA

# अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी 28 जनवरी से

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 28 व 29 फरवरी 2024 को 30 वें अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों से भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और कंप्यूटर इंजीनियरिंग सहित अंत:विषयों के लिए 5 दिसंबर तक शोध पत्र आमंत्रित किए गए है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दी। संवाद

**NEWS CLIPPING:19.10.2023**

# DAINIK JAGRAN

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगी जेसी बोस यूनिवर्सिटी

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी के 30वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन का आयोजन 28 व 29 फरवरी को होगा। सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर और केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में अंतरराष्ट्रीय विज्ञानी सहयोग के प्रमुख डा.संजीव कुमार वार्ष्णेय की उपस्थिति में किया गया। विश्वविद्यालय ने सम्मेलन के दौरान संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों से मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और कंप्यूटर इंजीनियरिंग सहित अंतःविषयों के शोध पत्र आमंत्रित किया है। सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए शोध पत्र का सार भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि सम्मेलन की मेजबानी विज्ञानी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सम्मेलन संयोजक प्रो.मनीषा गर्ग ने कहा कि 30वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी विकास पर चर्चा करने को एक गतिशील मंच साबित होगा।